नामांक Roll No. | 1 | 8 | 2 | 0 | 8 | 3 | 0 |

**Question Booklet No.**

**SS24736204**

**No. of Questions – 20**

**No. of Printed Pages – 19**

**SS-30-Accountancy**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2026

# SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2026

## लेखाशास्त्र

## ACCOUNTANCY

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट**

**पूर्णांक : 80**

SEAL

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

   Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

   **All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतरण में किसी प्रकार की त्रुटि / अंतर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

If there is any error / difference / contradiction in the Hindi and English versions of the question paper, the question of the Hindi version should be treated valid.

## खण्ड – अ

## SECTION – A

**1.** बहुविकल्पी प्रश्न : (i से xviii)

निम्न प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

Multiple choice questions : (i to xviii)

Answer the following questions by selecting the correct option and write them in the answer-sheet.

i) यदि आशा प्रत्येक माह के अंत में ₹ 4,000 का आहरण करती है तथा 8% वार्षिक दर से आहरण पर ब्याज लगाया जाता है । आहरण पर ब्याज की अवधि होगी **[1]**

अ) $7\frac{1}{2}$ माह   ब) $5\frac{1}{2}$ माह

स) $6\frac{1}{2}$ माह   द) $4\frac{1}{2}$ माह

If Asha makes drawings of ₹ 4,000 at the end of each months and interest on drawings is charged @ 8% per annum. The period for interest on drawings will be

A) $7\frac{1}{2}$ months   B) $5\frac{1}{2}$ months

C) $6\frac{1}{2}$ months   D) $4\frac{1}{2}$ months

ii) निम्न में से कौन-सी एक मद लाभ-हानि विनियोग (नियोजन) खाते के जमा पक्ष से संबंधित है ? **[1]**

अ) साझेदारों की पूँजी पर ब्याज   ब) साझेदारों के ऋणों पर ब्याज

स) साझेदारों के आहरण पर ब्याज   द) साझेदारों को देय वेतन

Which one of the following item is related to credit side of Profit and Loss Appropriation Account ?

A) Interest on partners' capital   B) Interest on partners' loans

C) Interest on partners' drawings   D) Salary paid to partners

iii) निम्न कथनों पर विचार कीजिए :

**कथन (I)** : त्याग का अनुपात = पुराना लाभ-हानि विभाजन अनुपात – नया लाभ-हानि विभाजन अनुपात । [1]

**कथन (II)** : अधिलाभ = औसत लाभ – सामान्य लाभ ।

निम्न विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

अ) केवल कथन (I) गलत है

ब) केवल कथन (II) सही है

स) कथन (I) गलत है व कथन (II) सही है

द) कथन (I) व कथन (II) दोनों सही हैं

Consider the following statements :

**Statement (I)** : Sacrificing Ratio = Old Profit and Loss sharing ratio – New Profit and Loss sharing ratio.

**Statement (II)**: Super profit = Average profits – Normal profits.

Choose the correct answer from the following options :

A) Only statement (I) is wrong

B) Only statement (II) is correct

C) Statement (I) is wrong and statement (II) is correct

D) Both statements (I) and (II) are correct

iv) यदि निशा और कोमल 4 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटती हैं । वे भविष्य में लाभों को बराबर–बराबर बाँटने का निर्णय लेती है । निशा का त्याग होगा [1]

अ) $\frac{1}{14}$ ब) $\frac{4}{14}$ स) $\frac{4}{7}$ द) $\frac{3}{7}$

If Nisha and Komal are sharing profits in the ratio of 4 : 3. They decided to distribute profits equally in future. The sacrifice of Nisha will be

A) $\frac{1}{14}$ B) $\frac{4}{14}$ C) $\frac{4}{7}$ D) $\frac{3}{7}$

v) साझेदार की मृत्यु की दशा में, निम्नलिखित में से कौन–सी मद समय के आधार पर समायोजित नहीं होती है ? [1]

अ) ख्याति में हिस्सा ब) पूँजी पर ब्याज

स) आहरण पर ब्याज द) लाभों में हिस्सा

In the case of death of a partner, which of the following item, will not be adjusted on the basis of time ?

A) Share in goodwill B) Interest on capital

C) Interest on drawings D) Share in profits

vi) एक फर्म में सीमा, मधू और श्वेता $2\frac{1}{3}:3\frac{1}{3}:4\frac{1}{3}$ के अनुपात में साझेदार हैं । श्वेता फर्म से अवकाश ग्रहण करती है । फायदे का अनुपात होगा **[1]**

अ) 7 : 13 ब) 7 : 10 स) 10 : 13 द) 13 : 7

Seema, Madhu and Shweta are partners in the ratio of $2\frac{1}{3}:3\frac{1}{3}:4\frac{1}{3}$ in a firm. Shweta retired from the firm. Gaining ratio will be

A) 7 : 13 B) 7 : 10 C) 10 : 13 D) 13 : 7

vii) फर्म के समापन के समय, देनदारों पर डूबत ऋणों के लिए आयोजन की राशि को कहाँ हस्तांतरित किया जाता है ? **[1]**

अ) वसूली खाते में ब) साझेदारों के पूँजी खातों में

स) साझेदारों के ऋण खातों में द) बैंक खाते में

At the time of dissolution of a firm, where is the amount of provision for bad debts on debtor is transferred ?

A) In Realisation A/c B) In Partners' Capital A/c

C) In Partners' Loan A/c D) In Bank A/c

viii) निम्न कथनों पर विचार कीजिए : **[1]**

a. एक व्यक्ति वाली कम्पनी में अधिकतम चुकता पूँजी ₹ 2 करोड़ हो सकती है ।

b. स्वेट समता अंश बट्टे पर निर्गमित किए जा सकते हैं ।

c. एक व्यक्ति वाली कम्पनी का औसत वार्षिक आवर्त (कारोबार) ₹ 2 करोड़ से कम हो सकता है ।

निम्न विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

अ) केवल c ब) a, b, c स) b व c दोनों द) केवल a

Consider the following statements :

a. The maximum paid-up capital for a one person company can be ₹ 2 crores.

b. Sweat equity share can be issued at discount.

c. The average annual turnover of a one person company can be below ₹ 2 crores.

Choose the correct answer from the following options.

A) Only c B) a, b, c C) Both b and c D) Only a

ix) रश्मि लिमिटेड ने अपने प्रत्येक ₹ 10 वाले 1500 समता अंश, जिनको 10 प्रतिशत प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था तथा जिन पर ₹ 2 प्रथम याचना प्राप्त नहीं हुई तथा ₹ 1 प्रति अंश की अंतिम याचना माँगी नहीं गई, हरण (जब्त) किया गया । अंश हरण खाते में कितनी राशि जमा होगी ? [1]

अ) ₹ 15,000 ब) ₹ 13,500 स) ₹ 3,000 द) ₹ 10,500

Rashmi Limited forfeited 1500 equity shares of ₹ 10 each issued at 10% premium, on which first call of ₹ 2 per share was not received and final call ₹ 1 per share was not made. How much amount will be credited in Share Forfeiture A/c ?

A) ₹ 15,000 B) ₹ 13,500 C) ₹ 3,000 D) ₹ 10,500

x) किसी कम्पनी द्वारा स्वयं के समता अंशों को क्रय करना, कहलाता है [1]

अ) अंशों का पुन: क्रय ब) पुनर्भुगतान

स) शोधन (मोचन) द) पूँजीकरण

Purchase of own equity shares by a company is called

A) Buy-back of share B) Repayment

C) Redemption D) Capitalisation

निम्न को पढ़िए तथा प्र.सं. (xi से xiv) के उत्तर दीजिए ।

Read the following and give answers (Q. No. xi to xiv) :

"विशाखा लिमिटेड ने स्नेहलता लिमिटेड से ₹ 2,97,000 का एक प्लांट खरीदा । जिसके क्रय प्रतिफल के बदले प्रत्येक ₹ 1,000 वाले 8% ऋणपत्र 10% बट्टे पर निर्गमन की सहमति बनी ।"

"Vishakha Limited had purchased a plant of ₹ 2,97,000 from Snehlata Limited. It was agreed that purchase consideration is to be paid by issuing 8% debentures of ₹ 1,000 each at discount of 10%."

xi) उपरोक्त प्रश्न में कितनी संख्या में 8% ऋणपत्र निर्गमित किए जायेंगे ? [1]

अ) 330 ब) 297 स) 270 द) 275

How many numbers of 8% debentures will be issued in above question ?

A) 330 B) 297 C) 270 D) 275

xii) उपरोक्त प्रश्न में ''ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टा खाता'' कितनी राशि से नामे किया जायेगा ? **[1]**

अ) ₹ 27,000 ब) ₹ 27,500 स) ₹ 33,000 द) ₹ 29,700

How much amount will be debited in "discount on issues of debentures account" in above question ?

A) ₹ 27,000 B) ₹ 27,500 C) ₹ 33,000 D) ₹ 29,700

xiii) प्लांट क्रय करने पर कौन-सा खाता जमा होगा ? **[1]**

अ) स्नेहलता लिमिटेड का खाता ब) विशाखा लिमिटेड का खाता

स) प्लांट खाता द) 8% ऋणपत्र खाता

Which account will be credited on purchase of the plant ?

A) Snehlata Ltd.'s A/c B) Vishakha Ltd.'s A/c

C) Plant A/c D) 8% Debenture A/c

xiv) उपरोक्त प्रश्न में 8% ऋणपत्र खाते में कितनी राशि जमा की जायेगी ? **[1]**

अ) ₹ 2,75,000 ब) ₹ 3,00,000 स) ₹ 2,97,000 द) ₹ 3,30,000

How much amount will be credited in 8% debentures account in above question ?

A) ₹ 2,75,000 B) ₹ 3,00,000 C) ₹ 2,97,000 D) ₹ 3,30,000

xv) भारतीय कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार ''विविध-लेनदारों'' को किस शब्द से प्रतिस्थापित किया गया है ? **[1]**

अ) व्यापारिक प्राप्य ब) व्यापारिक देयताएँ

स) व्यापारिक देनदार द) देय बिल

According to Indian Companies Act, 2013, the term "Sundry-creditor" has been replaced by which term ?

A) Trade receivables B) Trade payables

C) Trade debtors D) Bills payables

xvi) गायत्री लिमिटेड का चालू अनुपात 0.5 : 1 है । यदि माल का रोकड़ क्रय किया जाता हो, तो चालू अनुपात पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? **[1]**

अ) वृद्धि होगी ब) कमी होगी

स) निर्धारित नहीं कर सकते द) कोई परिवर्तन नहीं होगा

Gayatri Limited's current ratio is 0.5 : 1. What will the effect on the current ratio, if goods purchased for cash ?

A) Will increase B) Will decrease

C) Cannot be determined D) No change

xvii) यदि एक कम्पनी का बाजार मूल्य ₹ 16 प्रति अंश तथा प्रति अंश अर्जन ₹ 3.2 हो, तो मूल्य अर्जन अनुपात होगा [1]

अ) ₹ 0.20
ब) ₹ 5
स) ₹ 16
द) निर्धारित नहीं कर सकते

If the market price of a company is ₹ 16 per share and earning per share is ₹ 3.2, then the price earning ratio will be

A) ₹ 0.20
B) ₹ 5
C) ₹ 16
D) Cannot be determined

xviii) ''एक प्लांट का रोकड़ क्रय'' है [1]

अ) रोकड़ बहिर्वाह
ब) कोई रोकड़ प्रवाह नहीं
स) निर्धारित नहीं कर सकते
द) रोकड़ अंतर्वाह

"Purchase of a plant for cash" is

A) Cash outflow
B) No cash flow
C) Cannot be determined
D) Cash inflow

**2.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (i से vi) :
Fill in the blanks (i to vi) :

i) पूँजी पर ब्याज की राशि को लाभ-हानि विनियोग (नियोजन) खाते के ____________ पक्ष में दिखाया जाता है । (जमा/नामे) [1]

The amount of interest on capital is shown in ____________ side of Profit and Loss Appropriation Account. (Credit/Debit)

ii) फर्म के लाभों में हिस्सा प्राप्त करने के लिए, नए साझेदार द्वारा लाई गई नकद या गैर-नकद वस्तु ____________ कहलाती है । (पूँजी/ख्याति (प्रीमियम)) [1]

The cash or non-cash item bought by a new partner to acquire a share in the firm's profit are called ________. (Capital/Goodwill (Premium))

iii) ____________ खाते का शेष कम्पनी के लिए पूँजीगत लाभ है । (अंश हरण/सामान्य संचय) [1]

The balance of ____________ account is capital gain for the company. (Share forfeiture/General Reserve)

iv) ऋणपत्रों पर प्रत्याय की दर को __________ कहा जाता है। (लाभांश/ब्याज) **[1]**
The rate of return on debentures is called __________. (Dividend/Interest)

v) वे सम्पत्तियाँ जिनकी __________ माह के भीतर वसूली की जाती है, चालू सम्पत्तियाँ कहलाती है। (12/24) **[1]**
Those Assets, which are realised within __________ months are called current assets. (12/24)

vi) रोकड़-प्रवाह विवरण बनाते समय, आस्थगित कर एक __________ मद है। (गैर-रोकड़ी/रोकड़ी) **[1]**
While preparing the cash-flow statement, deferred tax is a __________ item. (Non-cash/Cash)

**3.** अति लघुत्तरात्मक प्रश्न (i से xii) :
Very short answer type questions (i to xii) :

i) नये साझेदार के प्रवेश की दशा में, संचित हानियों का शेष किस अनुपात में अपलेखन किया जाता है ? **[1]**
In the case of admission of a new partner, the balance of accumulated losses is written-off in which ratio ?

ii) एक फर्म में महावीर और जितेन्द्र 4 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं। वे वैभव को $\frac{1}{5}$ हिस्से के लिए प्रवेश देते हैं, जिसे वह जितेन्द्र से प्राप्त करता है। त्याग का अनुपात ज्ञात कीजिए। **[1]**
Mahaveer and Jitendra are partners in a firm sharing profits in the ratio of 4 : 3. They admitted Vaibhav for $\frac{1}{5}^{th}$ share in profit, which he received from Jitendra. Calculate the sacrificing ratio.

iii) नये साझेदार के प्रवेश के समय, गैर-अभिलिखित (पुस्तकों में न दर्ज) दायित्व का मूल्य कहाँ हस्तांतरित किया जाता है ? **[1]**
At the time of admission of a new partner, where is the value of the unrecorded liabilities transferred ?

iv) सेवानिवृत्त साझेदार को एकमुश्त भुगतान करने पर कौन-सा खाता जमा किया जाता है ? **[1]**
Which account is credited, when lump-sum payment is made to retiring partner ?

v) प्रतिभूति प्रीमियम राशि का कोई एक उपयोग लिखिए ।

Write any one usage of securities premium amount. [1]

vi) जब अंशों का प्रीमियम पर निर्गमन किया गया हो तथा प्रीमियम प्राप्त हो गई हो, तो उनका हरण करते समय कौन-से खाते नामे होंगे ?

When shares are issued at premium and the premium is realised, which accounts will be debited at the time of their forfeiture ? [1]

vii) यदि 15000 समता अंशों के आवेदकों को यथानुपात बंटन के आधार पर 13500 अंश बंटित किए गए, तो अभिदान __________ प्रकार का होगा ।

If applicants for 15000 equity shares were alloted 13500 shares on pro-rata basis, the types of subscription will be __________. [1]

viii) पूर्वाधिकार अंशों के प्रकार लिखिए । (कोई चार)

Write the types of preference shares. (any four) [1]

ix) रामकृष्ण लिमिटेड ने राजेश लिमिटेड से ₹ 1,98,000 का फर्नीचर खरीदा । रामकृष्ण लिमिटेड ने ₹ 100 वाले 1800; 7% ऋणपत्र पूर्ण भुगतान में जारी किए । ऋणपत्रों पर प्रीमियम की दर क्या होगी ?

Ramkrishna Limited purchased furniture from Rajesh Limited for ₹ 1,98,000. Ramkrishna Limited issued 1800; 7% debentures of ₹ 100 each in full settlement. What is the rate of premium on debentures ? [1]

x) अंशों का पुन: निर्गमन करने तक, अंश हरण खाते का शेष कहाँ दर्शाया जाता है ?

Where is the balance of the Share Forfeiture Account shown till the share is re-issued ? [1]

xi) मताधिकार के आधार पर, अंश और ऋणपत्र में अंतर लिखिए ।

Write the difference between share and debenture on the basis of voting right. [1]

xii) परिचालन अनुपात + ____?____ = 100

Operating ratio + ____?____ = 100 [1]

## खण्ड – ब

## SECTION – B

लघुत्तरात्मक प्रश्न (शब्द सीमा **50** शब्द) :

Short answer type questions (Word limit **50** words) :

**4.** एक फर्म में अर्चना और निधि बराबर के साझेदार हैं । इनकी स्थिर पूँजी क्रमशः ₹ 2,00,000 और ₹ 1,00,000 थी । यदि साझेदारी संलेख में पूँजी पर 12% वार्षिक दर से ब्याज देने का प्रावधान रखता है तथा वर्ष का शुद्ध लाभ ₹ 36,000 है, तो लाभ-हानि विनियोग (नियोजन) खाता बनाइए । **[2]**

Archana and Nidhi are equal partners in a firm. Their fixed capital were ₹ 2,00,000 and ₹ 1,00,000 respectively. If the partnership deed provide the provision for interest on capital @ 12% per annum and net profit for the year is ₹ 36,000, then prepare Profit and Loss Appropriation Account.

**5.** विशाखा एक फर्म में साझेदार है । वह (i) प्रत्येक माह के प्रारंभ में तथा (ii) प्रति तिमाही के मध्य में ₹ 4,000 का आहरण करती है । आहरण पर 12% वार्षिक दर से ब्याज लगाया जाता है । दोनों स्थिति में, आहरण पर ब्याज की कुल राशि ज्ञात कीजिए । **[2]**

Vishakha is a partner in a firm. She withdrew ₹ 4,000 at the (i) beginning of each month and on the (ii) mid of each quarter. The interest on drawings is charged @ 12% per annum. In both the cases, calculate the total amount of interest on drawings.

**6.** एक फर्म में उमा और हिना 1 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटती हुई साझेदार हैं । इसी तिथि को फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 18,000 पर किया गया । वे भविष्य में लाभों को 2 : 1 में बाँटने का निर्णय लेती है । ख्याति के समायोजन हेतु आवश्यक प्रविष्टि दीजिए । **[2]**

Uma and Hina are partners in a firm sharing profits in the ratio of 1 : 3. On that date, the goodwill of the firm was valued at ₹ 18,000. They decided to distribute profits in the ratio of 2 : 1 in future. Pass necessary entry for adjustment of goodwill.

7. एक फर्म में अर्चना, सना और सपना साझेदार हैं । सपना फर्म से अवकाश ग्रहण करती है । इसी तिथि को उसके पूँजी खाते में जमा शेष ₹ 1,20,000 दर्शा रहा है, जिसका भुगतान दो समान अर्द्ध-वार्षिक किश्तों में 10% वार्षिक ब्याज दर से किया जाना है । प्रत्येक किश्त के साथ भुगतान की जाने वाली राशि ज्ञात कीजिए ।

Archana, Sana and Sapana are partners in a firm. Sapana retires from the firm. On that date, her capital account shows credit balance of ₹ 1,20,000, which is to be paid into two equal half-yearly installment with interest @ 10% per annum. Calculate the amount to be paid with each installment. [2]

8. एक फर्म में संगीता, सुमन और सुमित्रा 4 : 1 : 5 के अनुपात में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं । सुमित्रा फर्म से अवकाश ग्रहण करती है । इसी तिथि को तुलन-पत्र में सामान्य संचय खाते (जमा शेष) ₹ 25,800 दर्शा रहा है । सुमित्रा के अवकाश ग्रहण पर, इस हेतु आवश्यक जर्नल प्रविष्टि दीजिए ।

Sangeeta, Suman and Sumitra are partners in a firm sharing profits in the ratio of 4 : 1 : 5. Sumitra retires from the firm. On that date, balance sheet is showing General Reserve A/c (Credit Balance) ₹ 25,800. Pass necessary journal entry for this on retirement of Sumitra. [2]

9. फर्म के न्यायालय द्वारा समापन (विघटन) की कोई दो परिस्थितियाँ लिखिए ।

Write any two cases of dissolution by Court of a firm. [2]

10. अग्रिम माँग क्या है ? इस पर ब्याज की दर लिखिए, यदि तालिका ''एफ'' लागू होती है ।

What is calls-in-advance ? Write the rate of interest on it, if Table "F" applies. [2]

11. कोमल लिमिटेड द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा से प्राप्त ऋण ₹ 3,00,000 हेतु ₹ 100 प्रति ऋणपत्र की दर से 4,000; 9% ऋणपत्रों को समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में जारी किए गए । आप इसे तुलन-पत्र (आर्थिक-चिठ्ठे) में कैसे दर्शायेंगे, यदि पुस्तकों में अभिलिखित किया जाता हो ?

Komal Limited has issued 9%; 4,000 debentures of ₹ 100 each for a loan of ₹ 3,00,000 from Bank of Baroda as a collateral security. How will you show in Balance Sheet, if it is recorded in the books ? [2]

12. भारतीय कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची – III के भाग – I के अनुसार ''गैर-चालू दायित्व मुख्य शीर्षक'' के कोई दो उप-शीर्षक लिखिए ।

Write any two sub-heads of "Non-current liabilities major head" as per Schedule – III, Part – I of the Indian Companies Act, 2013. [2]

13. यदि वर्ष के दौरान ₹ 52,000 का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया तथा वर्ष के प्रारंभ व अंत में देनदार व लेनदार निम्न थे :

| मदें | प्रारंभ में | अंत में |
|---|---|---|
| देनदार | 20,000 | 12,000 |
| लेनदार | 10,000 | 25,000 |

परिचालन गतिविधियों द्वारा रोकड़ प्रवाह की राशि ज्ञात कीजिए । [2]

If the net profit earned during the year is ₹ 52,000 and debtors and creditors in the beginning and at the end of year are as follows :

| Items | In the beginning | At the end |
|---|---|---|
| Debtors | 20,000 | 12,000 |
| Creditors | 10,000 | 25,000 |

Find out the amount of cash flow from operating activities.

## खण्ड – स

## SECTION – C

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न (उत्तर शब्द सीमा लगभग **100** शब्द) :

Long answer type questions (Answer word limit approx. **100** words) :

**14.** एक फर्म में अन्नू, रानू और सोनिया 1 : 2 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं । सोनिया अवकाश ग्रहण करती है, तथा उसकी पूँजी खाता (समस्त समायोजनों के पश्चात्) ₹ 4,40,000 का शेष दर्शा रहा है । अन्नू व रानू, उसे पूर्ण भुगतान में ₹ 5,00,000 चुकाने के लिए सहमत होती है । गणना स्पष्ट दर्शाते हुए सोनिया के अवकाश पर ख्याति के समायोजन हेतु आवश्यक प्रविष्टि दर्ज कीजिए, यदि वे भविष्य में लाभों को 2 : 3 में बाँटने का निर्णय लेती है । [3]

Annu, Ranu and Sonia are partners in a firm sharing profits in the ratio of 1 : 2 : 3. Sonia retired and her capital account, (after making all adjustments) shows balance of ₹ 4,40,000. Annu and Ranu agreed to pay her ₹ 5,00,000 in full settlement. Showing calculation clearly, pass necessary entry for adjustment of goodwill on Sonia's retirement, if they decided to distribute profits in 2 : 3 in future.

अथवा/OR

सूची – I का सूची – II के साथ मिलान कीजिए । [3]

| सूची – I (स्थिति) | सूची – II (संबंधित खाते/विवरण) |
|---|---|
| i. देनदारों पर बट्टे के आयोजन में वृद्धि | a. पुनर्मूल्यांकन खाते का जमा पक्ष |
| ii. पुनर्मूल्यांकन लाभों का हस्तांतरण | b. पुनर्मूल्यांकन खाते का नामे पक्ष |
| iii. पुनर्मूल्यांकन हानियों का हस्तांतरण | c. साझेदारों के पूँजी खातों का नामे पक्ष |
| iv. सम्पत्तियों के मूल्य में वृद्धि | d. साझेदारों के पूँजी खातों का जमा पक्ष |

Match List – I with List – II.

| List – I (Condition) | List – II (Related Accounts/Statements) |
|---|---|
| i. Increase in provision for discount on debtor | a. Credit side of Revaluation Account |
| ii. Transfer of Revaluation Profits | b. Debit side of Revaluation Account |
| iii. Transfer of Revaluation Losses | c. Debit side of Partners' Capital A/c |
| iv. Increase in the value of assets | d. Credit side of Partners' Capital A/c |

**15.** निम्न सूचनाओं के आधार पर, फर्म के समापन के समय साझेदार का पूँजी खाता तैयार कीजिए :
पूँजी खाते का नामे शेष – ₹ 5,000;
वसूली खाते का लाभ – ₹ 25,000;
उसने फर्म से एक सम्पत्ति खरीदी – ₹ 6,500.

At the time of dissolution of a firm, on the basis of the following informations, prepare Partner's Capital Account : [3]
Debit balance of Capital Account – ₹ 5,000;
Profits on Realisation Account – ₹ 25,000;
Assets of the firm taken over by him for – ₹ 6,500.

**अथवा/OR**

फर्म के समापन पर जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए : [3]

i) एक साझेदार सना ने ₹ 8,000 के दायित्वों का भुगतान किया ।
ii) एक साझेदार प्रीति ने ₹ 25,000 के देनदारों से पूर्ण भुगतान में 80% प्राप्त किए ।
iii) ₹ 20,000 के लेनदारों का निपटारा, पुस्तकों में न दर्ज सम्पत्ति ₹ 25,000 से किया गया ।

Give journal entries on dissolution of a firm :

i) Liabilities paid of ₹ 8,000 by a partner Sana.
ii) Preeti, a partner, received 80% in the full payment from debtors of ₹ 25,000.
iii) Creditors of ₹ 20,000 is settled by Assets ₹ 25,000 which is not recorded in the books.

16. राज लिमिटेड आपको निम्न सूचनाएँ देती है : [3]

| मदें | 1-4-2024 (₹) | 1-4-2025 (₹) |
|---|---|---|
| समता | 5,00,000 | 6,00,000 |
| 10% पूर्वाधिकार अंश | 2,00,000 | 2,50,000 |
| 8% ऋणपत्र | 1,50,000 | 80,000 |

**अतिरिक्त सूचनाएँ :**

प्रारंभिक शेष पर पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश व ऋणपत्रों पर ब्याज चुकाया गया ।

''वित्तीय गतिविधियों'' से रोकड़ प्रवाह ज्ञात कीजिए ।

Raj Limited has given you following informations :

| Items | 1-4-2024 (₹) | 1-4-2025 (₹) |
|---|---|---|
| Equity | 5,00,000 | 6,00,000 |
| 10% Preference shares | 2,00,000 | 2,50,000 |
| 8% Debentures | 1,50,000 | 80,000 |

**Additional informations :**

Dividend on preference shares and interest on debentures was paid on opening balance.

Find the cash flow from "Financing Activities".

**अथवा/OR**

निम्न मदों को परिचालन, निवेश, वित्तीय और गैर–रोकड़ी मदों में वर्गीकृत कीजिए । [3]

i) ब्याज का भुगतान (ऋणपत्रों पर)
ii) आपूर्तिकर्त्ता से माल का क्रय
iii) ख्याति का अपलेखन
iv) प्लांट का क्रय

Classify the following items into operating, investing, financing and non-cash items.

i) Interest paid (on Debentures)
ii) Purchase of goods from supplier
iii) Written-off of goodwill
iv) Purchase of plant

17. रंगोली लिमिटेड की चालू सम्पत्तियाँ ₹ 8,00,000 है । इसका चालू अनुपात 1.6 : 1 तथा तरल अनुपात 1.25 : 1 है । चालू दायित्व व स्कंध का मूल्य ज्ञात कीजिए । [3]

Current assets of Rangoli Limited are ₹ 8,00,000. Its current ratio is 1.6 : 1 and quick ratio is 1.25 : 1. Find the value of current liabilities and inventory.

**अथवा/OR**

निम्न सूचनाओं से ''सकल लाभ'' व ''विक्रय (आगम)'' की राशि ज्ञात कीजिए । [3]

औसत स्कंध = ₹ 40,000

स्कंध आवर्त अनुपात = 6 गुना

विक्रय मूल्य = लागत से 25% अधिक

Calculate amount of "Gross profit" and "Sales (Revenue)" from the following informations :

Average inventory = ₹ 40,000

Stock turnover ratio = 6 times

Sales price = 25% above cost

## खण्ड – द

## SECTION – D

निबंधात्मक प्रश्न (शब्द सीमा **200** शब्द) :

Essay type questions (Word limit **200** words) :

**18.** एक फर्म में स्मिता व सरिता 3 : 7 के अनुपात में लाभ बाँटती हुई साझेदार हैं । 31 मार्च, 2025 को इनका तुलन पत्र (आर्थिक-चिट्ठा) निम्न था : [4]

**तुलन–पत्र**

| दायित्व | (₹) | परिसम्पत्तियाँ | | (₹) |
|---|---|---|---|---|
| देय बिल | 1,00,000 | बैंक | | 90,000 |
| सामान्य संचय | 75,000 | देनदार : | 1,15,000 | |
| पूँजी खाते : | | (–) डूबत ऋणों के लिए आयोजन | 5,000 | 1,10,000 |
| स्मिता – 1,25,000 | | प्लांट | | 1,25,000 |
| सरिता – 1,00,000 | 2,25,000 | स्कंध | | 75,000 |
| | **4,00,000** | | | **4,00,000** |

**अतिरिक्त सूचनाएँ :**

वे 1 अप्रैल, 2025 को ''सुमन'' को निम्न शर्तों के साथ लाभों में $\frac{1}{4}$ हिस्से के लिए प्रवेश देते हैं :

i) अपनी पूँजी के लिए सुमन ₹ 1,50,000 व ख्याति (प्रीमियम) के लिए ₹ 50,000 लाती है ।

ii) सभी देनदार अच्छे हैं ।

''साझेदारों के पूँजी खाते'' तैयार कीजिए ।

Smita and Sarita are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 7. On 31[st] March, 2025, their Balance Sheet was follows :

**Balance Sheet**

| **Liabilities** | **(₹)** | **Assets** | | **(₹)** |
|---|---|---|---|---|
| Bills payable | 1,00,000 | Bank | | 90,000 |
| General Reserve | 75,000 | Debtors : | 1,15,000 | |
| Capital Accounts : | | (–) provision for bad debts | 5,000 | 1,10,000 |
| Smita – 1,25,000 | | Plant | | 1,25,000 |
| Sarita – 1,00,000 | 2,25,000 | Stock | | 75,000 |
| | **4,00,000** | | | **4,00,000** |

**Additional informations :**

On 1[st] April, 2025 they admitted "Suman" as a new partner for $\frac{1}{4}^{th}$ share in profits on the following terms :

i) Suman will bring ₹ 1,50,000 for her capital and ₹ 50,000 for goodwill (premium).

ii) All debtors are good.

Prepare "Partners' Capital Account".

**अथवा**/OR [4]

निम्न हेतु, एक नये साझेदार के प्रवेश करने पर, जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए :

i) नये साझेदार द्वारा ख्याति की राशि रोकड़ लाने पर ।

ii) ख्याति के रूप में रोकड़ लाई गई राशि को त्याग अनुपात में समायोजित करने पर ।

iii) ख्याति की राशि रोकड़ न लाने पर, त्याग अनुपात में समायोजित करने पर ।

iv) ख्याति की राशि पुराने साझेदारों द्वारा त्याग अनुपात में रोकड़ निकालने (आहरित) करने पर ।

v) नये साझेदार द्वारा ख्याति की राशि आंशिक रूप में रोकड़ लाने पर, समायोजन हेतु ।

Give journal entries, at the time of admission of a new partner for the following :

i) Goodwill brought in cash by the new partner.

ii) On adjusting the amount of cash brought in as goodwill in the sacrificing ratio.

iii) On adjusting in the sacrificing ratio for not bringing cash for goodwill.

iv) On Goodwill amount to be withdrawn in cash by old partners in the sacrificing ratio.

v) For adjustment of goodwill amount, in case of new partner bringing it partial in cash.

**19.** संजीव लिमिटेड ने ₹ 10 वाले 50000 समता अंशों के लिए 10% प्रीमियम पर आवेदन आमंत्रित किए, राशियाँ निम्न प्रकार से देय थी : [4]

आवेदन पर ₹ 4

बंटन पर ₹ 5 (प्रीमियम सहित)

प्रथम व अंतिम माँग पर ₹ 2

45000 अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए । भानू जिसे 1000 अंश बंटित किए गए, उसने माँग राशि का भुगतान बंटन के साथ कर दिया ।

संजीव लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए । (केवल आवेदन व बंटन हेतु)

Sanjeev Limited invited applications for 50000 equity shares of ₹ 10 at 10% premium, amounts payable are as follows :

On Application ₹ 4

On Allotment ₹ 5 (including premium)

On first and final call ₹ 2

Applications were received for 45000 shares. Bhanu who was alloted 1000 shares, paid call money with allotment.

Pass necessary journal entries in the books of Sanjeev Limited. (Only for Application and Allotment)

**अथवा**/OR

कान्हा लिमिटेड ने 400 समता अंश ₹ 100 प्रति अंश वाले का हरण किया, जिन पर ₹ 90 प्रति अंश माँगा गया था । इन अंशों पर ₹ 20 प्रति अंश की अंतिम माँग के बकाया थे । कम्पनी ने इन्हें ₹ 90 प्रति अंश पूर्णदत्त पर पुनः निर्गमित कर दिए । कम्पनी की पुस्तकों में ''अंश हरण व पुनः निर्गमन'' की आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए, तथा अंश हरण खाता बनाइये ।

Kanha Limited forfeited 400 equity shares of ₹ 100 each, on which ₹ 90 per share was called-up. There was calls-in-arrear of ₹ 20 each on these shares. Company re-issued these shares at ₹ 90 per share as fully paid-up. Pass necessary journal entries in the books of company for "forfeiture and re-issue of shares" and prepare share forfeiture account. [4]

20. दक्ष लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए, ऋणपत्र का मूल्य ₹ 100 है : [4]

i) यदि एक ऋणपत्र का ₹ 95 पर निर्गमन किया गया, जिसका ₹ 105 पर शोधन (मोचन) होगा ।

ii) यदि एक ऋणपत्र का ₹ 90 पर निर्गमन किया गया, जिसका ₹ 100 पर शोधन (मोचन) होगा ।

Pass the necessary journal entries in the books of Daksh Limited, the face value of a debenture is ₹ 100.

i) If a debenture issued at ₹ 95; repayable at ₹ 105.

ii) If a debenture issued at ₹ 90; repayable at ₹ 100.

**अथवा**/OR

[4]

निम्न कथनों के लिए ''सत्य और असत्य'' बताइए :

i) जब ऋणपत्रों को सम-मूल्य पर निर्गमन तथा प्रीमियम पर शोधन (मोचन) हो, तो इस हानि को ''ऋणपत्रों के निर्गमन हानि खाते'' में नामे किया जाता है ।

ii) ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि खाते को प्रतिभूति प्रीमियम से अपलिखित किया जा सकता है ।

iii) ऋणपत्रों का प्रीमियम पर निर्गमन नहीं किया जा सकता है ।

iv) ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि, आयगत हानि है ।

v) ऋणपत्रों पर चुकाया जाने वाला ब्याज, कम्पनी के लाभों पर प्रभार है ।

vi) ऋणपत्रों को बट्टे पर निर्गमित किया जा सकता है ।

State "True and False" for the following statements :

i) When debentures are issued at par and redeemable at premium, the loss on such is debited to "loss on issues of debenture account".

ii) Loss on issues of debentures account can be written-off by securities premium.

iii) Debentures cannot be issued at premium.

iv) Loss on issue of debentures is a revenue loss.

v) The payment of interest on debentures is a charge on the profits of a company.

vi) Debentures can be issued at discount.

---

DO NOT WRITE ANYTHING HERE